**Dainik Bhaskar (Indore), 18th October 2022, Page – 05**

# देशभर के 50 केंद्रों में चयनित सेंट्रल स्कूल में बाल वाटिका-1 का शुभारंभ



इंदौर| केंद्रीय विद्यालय संगठन की पायलट योजना के लिए देश के 50 केंद्रों में चयनित आईआईटी इंदौर स्थित केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को बाल वाटिका की शुरुआत हुई। इसमें तीन साल तक के बच्चे पढ़ सकेंगे। बाल वाटिका-1, 2 और 3 के बाद बच्चे कक्षा पहली में प्रवेश ले सकते हैं। बाल वाटिका -1 का उद्घाटन केंद्रीय विद्यालय संगठन की कमिश्नर निधि पांडे द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने आईआईटी के प्रतिभाशाली बच्चे अरिणी मिश्रा, माही कौशल और किंजल राय के साथ संगीत शिक्षक पंडित सुधांशु महंत और योग शिक्षक अनिल चौधरी को भी उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। इस मौके पर आईआईटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी उपस्थित थे।